## एक नजर में

### तीन दिवसीय नेतृत्व विकास कार्यक्रम आयोजित होगा

**खंडवा।** राष्ट्रीय सहकारी शिक्षा केन्द्र नई दिल्ली के तत्वावधान में जिला सहकारी संघ खण्डवा द्वारा बुरहानपुर जिले की शहरी साख सहकारी संस्थाओं के संचालक मंडल के सदस्यों के लिये 20 से 22 जनवरी तक प्रात: 11 से 4.30 बजे तक होटल पंचवाटिका गार्डन एंड रेस्टारेंट, बस स्टेंड के पास, बुरहानपुर में तीन दिवसीय नेतृत्व विकास कार्यक्रम आयोजित किया जावेगा। जिला सहकारी संघ खण्डवा के प्रबंधक मेहताबसिंह भदौरिया ने बताया कि सहकारी संस्थाओं को स्वावलंबी और आत्मनिर्भर बनाने तथा सदस्यों के नेतृत्व क्षमता में वृद्धि करने के उद्देशय से यह कार्यक्रम महत्वपूर्ण है। शहरी साख संरचना को मजबूती प्रदान करने हेतु उक्त प्रशिक्षण सदस्यों के लिये बहुउपयोगी एवं लाभदायी है।कार्यक्रम में विभागीय अधिकारीगण एवं निरंजन कसारा, के.एल.राठौर पूर्व प्राचार्य, सहकारी प्रशिक्षण केन्द्र इन्दौर द्वारा प्रशिक्षित किया जावेगा।

### गणतंत्र दिवस पर भारत पर्व मनाया जाएगा

**खण्डवा ।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर हर वर्ष संध्याकाल में लोकतंत्र का लोकोत्सव भारत पर्व मनाया जाता है।इसी कड़ी में कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने बताया कि इस वर्ष भी स्थानीय किशोर कुमार सभागृह में 26 जनवरी को शाम 7 बजे भारत पर्व कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम की जिला स्तरीय नोडल अधिकारी अपर कलेक्टर सृष्टि देशमुख गौड़ा को बनाया गया है।कार्यक्रम की सम्पूर्ण व्यवस्था की जिम्मेदारी आयुक्त नगर निगम प्रियंका राजावत को सौंपी गई है। इस अवसर पर जिला जनसम्पर्क कार्यालय द्वारा विकास प्रदर्शनी का आयोजन भी किया जाएगा।कलेक्टर श्री गुप्ता ने सभी अधिकारी कर्मचारियों को इस कार्यक्रम में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं।

### नार्मदीय ब्राह्मण समाज की महिलाओं ने मनाया मकर संक्रांति पर्व



**नर्मदा नगर ।** नर्मदा नगर में नार्मदीयब्राह्मण समाज की महिलाओं के द्वारा मकर संक्रांति का पर्व मनाया गया इसमें सभी बहने विशेष वेशभूषा में व भाई भी वेशभूषा में आए इस अवसर पर कई प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया हर्षिता रितु नेसरस्वती का पूजा कर मालयर्पण कर एक दूसरे को सुहाग की सामग्री प्रदान करी एवं भोजन किया इस कार्यक्रम मे अध्यक्षता राजेश्वरी शर्मा ने की विशेष सहयोग में मेना पिंकी साधना मीनाक्षी बिंदु अनीता संध्या का रहा कार्यक्रम में समापन एवं आभार कुमुद खलेने माना

### अवैध शराब, गौवंश तस्करी व असामाजिक तत्वों पर शिकंजा

**खण्डवा ।** पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार राय के निर्देशन में जिले में प्रभावी पुलिस कार्रवाई की गई। अवैध शराब प्रकरण में 01 आरोपी के कब्जे से 22 क्वार्टर देशी मदिरा जप्त कर आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया।थाना पिपलोद द्वारा गौवंश तस्करी करते हुए 05 पशुओं सहित पिकअप वाहन जप्त कर 02 आरोपियों के विरुद्ध गौवंश प्रतिषेध व पशु क्रूरता अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई।साथ ही जिले में 13 असामाजिक तत्वों के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्रवाई करते हुए 02 को बाउंड ओवर किया गया।

### आज होगा श्री नागलवाड़ी भीलटदेव बाबा मंदिर का 28 वां प्रगट उत्सव एवं कलश स्थापना के साथ भंडारा

**खंडवा।** प. दीनदयालपुरम आनन्द नगर स्थित नवनिर्मित श्री नागलवाड़ी भीलटदेव बाबा मंदिर के शिखर पर कलश स्थापना एवं 28 वां स्थापना दिवस आज माध शुक्ल दुज मंगलवार 20 जनवरी को श्रद्धा एवं आस्था के साथ मनाया जाएगा।यह जानकारी देते हुए मंदिर प्रमुख संतोष राठौर एवं निर्मल मंगवानी ने बताया कि इस शुभ मौके पर प्रात: 10 बजे मंदिर परिसर में पंडित प्रबल दीक्षित के गगनभैदी वैदिक मंत्रोंच्चारण के मध्य हवन यज्ञ, मंदिर के शिखर पर कलश स्थापना एवं महाआरती का आयोजन होगा। तत्पश्चात दोपहर 12.30 बजे से महाप्रसादी का वितरण होगा। श्री राठौर परिवार व्दारा समस्त श्रृध्दालुओं से आयोजित कार्यक्रमों का लाभ लेने की अपील की है।

### खंडवा से 251 गायत्री परिजन शांतिकुंज हरिद्वार रवाना

**खंडवा।** अखंड दीपक के 100 वर्ष पूर्ण होने के साथ ही गायत्री परिवार की संस्थापिका माता भगवती देवी शर्मा की जन्म शताब्दी तथा गुरुदेव की तप-साधना के 100 वर्ष भी पूर्ण हो रहे हैं। इस त्रिवेणी शताब्दी के उपलक्ष्य में 20 से 24 जनवरी तक शांतिकुंज हरिद्वार में भव्य आयोजन किया जा रहा है।इस आयोजन में भाग लेने हेतु खंडवा जिले से डॉ. मधुसूदन गीते के नेतृत्व में 251 गायत्री परिजन हरिद्वार रवाना हुए।जिला सह-समन्वयक एड. देवेंद्र सिंह यादव ने बताया कि आयोजन का केंद्र बिंदु युग-निर्माण, मानवीय मूल्यों का जागरण और आध्यात्मिक चेतना का विस्तार रहेगा।कार्यक्रम के अंतर्गत विचार सत्र, प्रशिक्षण कार्यशालाएं, सामूहिक साधना, यज्ञ, संकल्प एवं भविष्य की कार्ययोजना प्रस्तुत की जाएगी। विभिन्न राज्यों की झांकियां एवं विशाल पुस्तक मेला विशेष आकर्षण रहेगा, जिसमें 3200 से अधिक पुस्तकें प्रदर्शित होंगी।पूरे आयोजन में देश-विदेश से लगभग 3 लाख से अधिक गायत्री परिजनों के शामिल होने की संभावना है।

### पंधाना नगर परिषद द्वारा अतिक्रमण हटाया गया



**खंडवा।** पंधाना नगर परिषद के द्वारा आज दिनांक, 19/01/2026 दिन सोमवार नगर के बस स्टैंड आवागमन में बाधा उत्पन्न करने वाले हॉथ ठेला चालकों पर एवं चाट की दुकान पर नगर परिषद के द्वारा शक्ति के साथ अतिक्रमण हटाया गया और उन सभी हटाए गए ठेला चलाको एवं चाट ठेला वालों को एवं अन्य दुकानदारों को अन्य स्थान पर व्यवस्थित बिठाया गया ताकि उनकी रोजी-रोटी पर किसी भी प्रकार से कोई परेशानी ना हो कुछ दुकानदारों के द्वारा विरोध किया गया परंतु पुलिस प्रशासन के स्थान पर होने के कारण सभी हॉट ठेला चालक एवं अन्य दुकानदार बताई गई स्थान पर लगा ली गई बहुत ही जटिल समस्या थी नगर का एक मात्र बस स्टेशन आसपास के 30 से 40 गांव के बच्चे बच्चिया एवं पैसेंजर माता और बहाने यहीं से आना-जाना बस से करते हैं कहीं ना कहीं सुरक्षा देखते हुए एवं बार-बार रोड पर जाम लग जाता था रोड पर ठेले खड़े कर दिए जाते थे जिससे आने-जाने वाले वाहन चालक एवं पैसेंजर रोज कहीं ना कहीं वाद विवाद एवं घटना होती थी जिसको देखते हुए नगर परिषद एवं पुलिस प्रशासन की ओर से अतिक्रमण हटाया गया जिससे कि आप बस साइड से खड़ी होकर किसी भी प्रकार से जाम की स्थिति एवं किसी भी प्रकार की विवाद की स्थिति नहीं होगी नगर के सभी दुकानदारों ने नगर परिषद एवं पुलिस प्रशासन को धन्यवाद दिया है मूहिम में नगर परिषद अधिकारी सीएमओ मंसाराम बडोले, पुलिस प्रशासन, एवं,अंकित बडोले, अनिल साकेल, इंजीनियर प्रदीप शेजगाय, एवं समस्त स्टाफ उपस्थित था।

# मनचाही फीस वृद्धि को लेकर विद्यार्थी परिषद ने किया कॉलेज में प्रदर्शन




**खण्डवा ।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद खण्डवा नगर मंत्री दिपांशु पटेल ने बताया कि नगर के पूनमचंद गुप्ता महाविद्यालय में कई प्रकार की अनियमितता चल रही है जैसे कॉलेज प्रशासन द्वारा मनचाही फीस वसूली जा रही,शिक्षा परिसर में निजी होटल संचालित हो जिसके कारण कभी भी कोई भी बड़ा हादसा हो सकता है एवं उस निजी होटल को महाविद्यालय परिसर से हटवाई जाए ,महाविद्यालय परिसर में पीने के पानी की उतम व्यवस्था की जाए एवं महाविद्यालय परिसर बंद पड़े वाटर चिल्लर का सुधार करवाया जाए ,परिसर में जर्जर पडी छत को सुधरवाया जाए ,आर्ट एवं क्राफ्ट की क्लास लगाने हेतु कक्ष की उचित व्यवस्था करवाई जाए , परिसर में बाथरूम की व्यवस्थित साफ़ सफाई करवाई जाए ,स्पोर्ट्स क्लास के लिए अलग से लेक्चर लगवाया जाए ,महाविद्यालय परिसर में नियमित साफ़ सफाई कारवाई जाए ,महिला सुरक्षा कर्मी की व्यवस्था कारवाई जाए , छात्राओं की बाथरूम में साफ़ सफाई के लिए महिला सफाई कर्मी की उचित व्यवस्था करवाई जाएँ , कॉलेज के गार्ड द्वारा छात्रों के साथ बदतमीजी की जाती हैं इन सभी समस्याओं को लेकर जब विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता महाविद्यालय में प्रवेश करते हैं तो महाविद्यालय के गार्ड द्वारा उन कार्यकर्ताओं को रोका जाता व छात्रा कार्यकर्ता के साथ बदतमीजी की जाती है इस से नाराज होकर कार्यकर्ताओ द्वारा नारे बाजी कर लगभग 1 घंटे तक प्रदर्शन किया गया इसके बावजूद भी जब महाविद्यालय प्रशासन नहीं जागा तो विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं महाविद्यालय के एक छात्र को कुंभकरण रूपी महाविद्यालय प्रशासन बना दिया जिसे विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने उस कुंभकरण रूपी महाविद्यालय प्रशासन को जगाने का काम किया इसके तत्पश्चात भी कोई महाविद्यालय का जिम्मेदार ज्ञापन लेने नहीं आया तो विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता महाविद्यालय डायरेक्टर से बात करने के लिए अड़ गए डायरेक्टर के आने के बाद ही कार्यकर्ताओं ने अपनी बात रखी डायरेक्टर द्वारा आश्वासन दिया गया कि आपकी मांग को जल्द पूरा किया जाएगा एवं महाविद्यालय प्राचार्य को ज्ञापन सौपा इस दौरान अभाविप खण्डवा विभाग संयोजक हर्ष वर्मा, विभाग छात्रा प्रमुख ज्योति यादव, जिला संयोजक अजय बंजारे, खण्डवा भाग संयोजक खुशी तंवर, नगर सह मंत्री सिद्धी पाराशर व विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता सहित बड़ी संख्या में कॉलेज के विद्यार्थी मौजूद रहे ।

## करोड़ों के गबन के खुलासे के बाद भी नहीं जागा प्रशासन, सहकारिता में भ्रष्टाचार बेखौफ

**खण्डवा।** जिला सहकारी केंद्रीय बैंक खण्डवा में सामने आए करोड़ों रुपये के घोटाले को लेकर नवभारत ने समय रहते गंभीर और तथ्यात्मक खुलासा किया था। दस्तावेजों सहित यह स्पष्ट किया गया था कि शाखा खण्डवा प्रधानसाख्य से जुड़ी समितियों में फर्जी ऋण वितरण, नियमविरुद्ध भुगतान और त्रुटिपूर्ण लेखांकन के माध्यम से 1.10 करोड़ रुपये से अधिक की आर्थिक अनियमितता हुई है। इसके बावजूद प्रशासन और बैंक प्रबंधन की चुप्पी अब कई संदेहों को जन्म दे रही है।

24 दिसंबर 2025 को जारी आदेश में ही यह स्वीकार किया गया है कि तत्कालीन शाखा प्रबंधक के कार्यकाल में प्राथमिक सहकारी समितियों में गंभीर वित्तीय गड़बड़ियां हुईं। जांच रिपोर्ट में ऋण वितरण के दौरान नियमों की अनदेखी, खातों में हेराफेरी और संस्थाओं को वास्तविक नुकसान पहुंचाने की बात दर्ज है।इसके आधार पर निलंबन की कार्रवाई तो दिखाई गई, लेकिन यह कार्रवाई केवल कागजों तक सीमित रह गई। न तो अब तक एफआईआर दर्ज की गई और न ही गबन की राशि की वसूली के लिए प्रभावी कदम उठाए गए।नवभारत ने जब इस पूरे प्रकरण को उजागर किया था, तब उम्मीद की जा रही थी कि प्रशासन तुरंत सक्रिय होगा। लेकिन हकीकत यह है कि खुलासे के बाद भी संबंधित अधिकारी और बैंक प्रबंधन ने आंखें मूंदे रखीं। इससे यह सवाल और गहराता जा रहा है कि आखिर किसके संरक्षण में यह पूरा मामला दबाया जा रहा है। क्या प्रभावशाली लोगों की आड़ में दोषियों को बचाया जा रहा है, या फिर सिस्टम की जड़ता ही सबसे बड़ा दोष है?

● इस मामले में ऑडिट व्यवस्था भी सवालों के घेरे में है।करोड़ों की यह गड़बड़ी वर्षों तक मोटी तनख्वाह पाने वाले ऑडिटरों की नजर से कैसे बची, यह समझ से परे है।क्या ऑडिट केवल औपचारिक खानापूर्ति बनकर रह गया है, या फिर जानबूझकर रिपोर्टों में गड़बड़ियों को नजरअंदाज किया गया? यदि ऑडिट समय पर और ईमानदारी से होता, तो शायद किसानों और जमाकर्ताओं की गाढ़ी कमाई को इतना बड़ा नुकसान न उठाना पड़ता।अब सवाल केवल भ्रष्टाचार का नहीं है, बल्कि जवाबदेही का है।जांच रिपोर्ट और आदेश के बावजूद कार्रवाई में हो रही देरी प्रशासन की नीयत पर सवाल खड़े करती है।यदि समय रहते दोषियों पर कड़ी कार्रवाई नहीं की गई, तो यह मामला आने वाले समय में सहकारिता व्यवस्था पर से आमजन का विश्वास पूरी तरह खत्म कर सकता है।

## ग्रामोदय से अभ्युदय अभियान के तहत कार्यक्रम सम्पन्न




**खण्डवा।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के समाजकार्य स्नातक और स्नातकोत्तर के विद्यार्थियों की कार्यशाला में ग्रामोदय से अभ्युदय अभियान के अंतर्गत रविवार को श्री नीलकंठेश्वर महाविद्यालय खण्डवा में विकासखंड स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर किया गया।

अतिथियों द्वारा स्वामी विवेकानंद के विचारों पर स्वावलंबन, स्वैच्छिकता, पर्यावरण संरक्षण, सामुहिकता, नशामुक्त समाज पर विचार रखे। कार्यक्रम में सम्बोधित करते हुए डॉ. अदिति शर्मा ने बताया कि शरीर की बीमारियों को पहचानें एवं दांतों की देखभाल एवं सुरक्षा कैसे करें।अभिनेष सिंह ने स्वामी विवेकानंद के जीवन पर चर्चा करते हुए कहा कि स्वदेशी अपनाओ एवं विदेशी चीजों का बहिष्कार करें। कार्यक्रम में शामिल सभी विद्यार्थियों द्वारा स्वच्छता अभियान एवं श्रमदान किया गया एवं अभियान के तहत शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम का संचालन आशीष पटेल ने किया।

## ओंकारेश्वर में नर्मदा जयंती महोत्सव का भव्य शुभारंभ, सात दिवसीय धार्मिक आयोजनों की शुरुआत

**ओंकारेश्वर।** तीर्थ नगरी ओंकारेश्वर में आज मां नर्मदा जयंती महोत्सव का भव्य शुभारंभ श्रद्धा और उल्लास के साथ किया गया। बर्फानी धाम आश्रम के महामंडलेश्वर श्री श्री 1008 हनुमान दास महाराज के सानिध्य में प्रारंभ हुए इस सात दिवसीय महोत्सव के पहले दिन वैदिक ब्राह्मणों एवं षट् दर्शन संत मंडल के साधु-संतों द्वारा विधिवत पूजन-अभिषेक संपन्न हुआ। गगनभेदी मंत्रोच्चार के बीच मां नर्मदा को हजारों श्रीफल अर्पित किए गए। महोत्सव के अंतर्गत गौमुख घाट से भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें हजारों श्रद्धालु महिलाएं सिर पर कलश धारण कर सम्मिलित हुईं। मां नर्मदा स्वरूप कन्याओं, साधु-संतों को सुसज्जित बग्गियों में विराजमान कर नगर भ्रमण कराया गया। शोभायात्रा बालवाड़ी, पुराने बस स्टैंड, जेपी चौक और नागर घाट होते हुए बर्फानी धाम आश्रम पहुंची, जहां मां नर्मदा का महायज्ञ प्रारंभ किया गया।

## गरीबों के ठेलों पर तत्काल कार्रवाई, रसूखदारों को 'नोटिस' का सहारा

### अतिक्रमण मुहिम में प्रशासन के दोहरे रवैये पर सवाल

**खंडवा।** शहर में यातायात को सुगम बनाने और सरकारी जमीन को मुक्त कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन और नगर निगम ने संयुक्त रूप से अतिक्रमण हटाओ मुहिम चलाई। हालांकि, इस कार्रवाई के दौरान प्रशासन के दोहरे मापदंड भी खुलकर सामने आए। जहां एक ओर कलेक्ट्रेट और जनपद पंचायत क्षेत्र में वर्षों से रोजी-रोटी कमा रहे छोटे दुकानदारों पर प्रशासन का डंडा तुरंत चल गया, वहीं शहर के व्यस्ततम मार्ग पर स्थित रसूखदार वैशाली मेगामार्ट को अतिक्रमण हटाने के लिए मोहलत दे दी गई। कलेक्ट्रेट और जनपद क्षेत्र में चली कार्रवाई नगर निगम उपायुक्त सचिन सिटोले और सिटी मजिस्ट्रेट बजरंग सिंह बहादुर के नेतृत्व में अमले ने कलेक्ट्रेट और जनपद पंचायत कार्यालय के आसपास जमे अस्थाई अतिक्रमण को सख्ती से हटाया। प्रशासन का कहना है कि यहां अस्थाई दुकानें और ठेले लगाने वालों को पहले समझाइश दी गई थी। चेतावनी के बावजूद जब जगह खाली नहीं की गई, तो टीम ने मौके पर पहुंचकर सामान जब्त किया और दुकानों को हटाकर साफ किया गया।

**गरीबी पर प्रहार- उजड़ गई वर्षों की आजीविका:** इस कार्रवाई की जद में आए अधिकांश लोग वे थे जो वर्षों से छोटी-मोटी गुमटियां या हाथ ठेले लगाकर अपने परिवार का भरण-पोषण कर रहे थे। कार्रवाई के बाद इन छोटे व्यापारियों में रोष और हताशा देखी गई। उनका कहना है कि प्रशासन ने कानून का पाठ पढ़ाकर उनकी रोजी-रोटी तो छीन ली, लेकिन शहर के बड़े अतिक्रमणकारियों के खिलाफ वैसी सख्ती नहीं दिखाई। बड़ा बम स्थित सुपर बाजार मेहरबानी क्यों? प्रशासन की इस कार्रवाई पर तब सवाल खड़े हो गए जब टीम शहर के सबसे व्यस्ततम मार्ग बड़ाबम स्थित वैशाली मेगामार्ट द्वारा सड़क पर ट्रांसफार्मर लगाकर और निर्माण कार्य कर अतिक्रमण किया गया है।

## खंडवा पुलिस का यातायात जागरूकता अभियान

# नुक्कड़ नाटक से बच्चों व आमजन को किया जागरूक, 60 वाहन चालकों पर चालानी कार्रवाई




**खंडवा।** जिले में 1 से 31 जनवरी तक चल रहे यातायात जागरूकता अभियान के तहत उप पुलिस अधीक्षक यातायात अनिल कुमार राय के मार्गदर्शन में सीएम राइस स्कूल छैगांवमाखन एवं बस स्टैण्ड पर नुक्कड़ नाटक आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सीएम राइस स्कूल के 250 विद्यार्थियों एवं बस स्टैण्ड पर 150 आम नागरिकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से दोपहिया वाहन पर हेलमेट, चारपहिया वाहन में सीट बेल्ट के उपयोग, सड़क दुर्घटना में घायल को समय पर अस्पताल पहुंचाने की आवश्यकता तथा राहवीर योजना की जानकारी दी गई। साथ ही इंदिरा चौक व बस स्टैण्ड क्षेत्र में 20-25 ट्रैक्टर-ट्रॉलियों पर मानकों के अनुरूप रिफ्लेक्टिव रेडियम पट्टियां लगवाई गईं, जिससे रात्रि में दृश्यता बढ़ेगी और दुर्घटनाओं की संभावना कम होगी। जागरूकता के साथ ही यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 60 वाहन चालकों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई कर ?40,800 का जुर्माना वसूला गया। चालानों में बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट, ओवरस्पीडिंग एवं अन्य धाराएं शामिल रहीं। अभियान के माध्यम से सड़क सुरक्षा एवं जीवन रक्षा का सशक्त संदेश दिया गया।

# एंजेल्स प्लैनेट स्कूल, खंडवा में जिला स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता का आयोजन

● अत्याधुनिक स्विमिंग पूल का भव्य शुभारंभ, शिक्षा के साथ खेल को मिला नया आयाम



**खंडवा।** एंजेल्स प्लैनेट स्कूल, खंडवा में जिला स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता का भव्य एवं सफल आयोजन किया गया। इसी अवसर पर विद्यालय परिसर में निर्मित अत्याधुनिक स्विमिंग पूल का विधिवत शुभारंभ हुआ, जिससे विद्यार्थियों को अकादमिक शिक्षा के साथ खेलों में भी आगे बढ़ने का सशक्त अवसर मिलेगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महापौर अमृता अमर यादव, विधायक कंचन मुकेश तनवे, जिला पंचायत अध्यक्ष पिंकी वानखेड़े एवं दिनेश जी पालीवाल की गरिमामयी उपस्थिति रही। तैराकी संघ जिला अध्यक्ष श्रीमती प्रियंका मालवीय, जिला सचिव राकेश जोशी तथा जिला खेल अधिकारी रुपसिंह कलेश की विशेष उपस्थिति में प्रतियोगिता का सफल संचालन किया गया। विद्यालय के डायरेक्टर्स रितेश गोयल, प्रमोद पूरी, दर्पण सकलेचा, राधेश्याम अग्रवाल, राजेश जी खत्री, सहित पूजा गोयल, गरिमा गोयल एवं स्नेहा गोयल सहित अन्य सदस्य की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

विद्यालय की प्राचार्या डोना ईम्स, एकेडमिक एडमिनिस्ट्रेटर प्रमुख विजय जैन एवं एकेडमिक कोऑर्डिनेटर शेफाली गंगराड़े ने विजेता खिलाड़ियों को शुभकामनाएँ दीं। प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों के खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और विजेताओं को सम्मानित किया गया। खेल शिक्षकों ज्योति वालांजकर, श्री सत्यम सर एवं श्री दीपक कुमरावत के मार्गदर्शन में कार्यक्रम सुव्यवस्थित रहा। मंच संचालन सीमेंथा राम एवं अंजली महोबिया ने किया। अतिथियों ने शिक्षा के साथ खेलों को समान महत्व देने की सराहना की।

## आश्वासनों के बाद भी राहत नहीं, 300 करोड़ के पैकेज की मांग पर सरकार मौन

# संयुक्त कृषक संगठन ने फिर उठाई आवाज: वादों से नहीं चलेगा काम, हकीकत सामने लानी ही होगी

**खंडवा।** 'वादों से पेट नहीं भरता और आश्वासनों से कर्ज नहीं उतरता '—खंडवा जिले का किसान आज यही कह रहा है। 15 नवंबर को हजारों की भीड़, रेलवे ट्रैक पर गुस्सा और सांसद का वादा... सब कुछ बेअसर साबित हुआ है।जिले का किसान एक बार फिर खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहा है। सोयाबीन की बर्बाद फसल और प्याज के गिरते दामों से टूट चुके किसानों को उम्मीद थी कि उनका ऐतिहासिक 'रेल रोको आंदोलन' सरकार को जगाएगा, लेकिन हकीकत यह है कि भोपाल दौड़ और बैठकों के बाद भी किसानों के हाथ खाली हैं।

### 7 हजार किसानों का गुस्सा और सांसद का वादा

घटनाक्रम 15 नवंबर का है, जब ग्राम टिगरिया में 7,000 किसान रेलवे ट्रैक पर उतर आए थे। उनकी मांगें स्पष्ट थीं—प्याज के दाम न मिलने पर जिन किसानों ने फसल पर रोटावेटर चला दिया उन्हें मुआवजा मिले, खराब सोयाबीन की राहत राशि दी जाए और मक्का की खरीदी समर्थन मूल्य पर तय हो। उस वक्त मौके पर पहुंचे सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल ने वादा किया था कि वे '2 दिन के भीतर' मुख्यमंत्री और केंद्रीय कृषि मंत्री से मुलाकात करवाकर समाधान निकालेंगे।

**जब धैर्य टूटा तो जली सांसद की 'अर्थी':** किसानों का सब्र तब टूटा जब 2 दिन का वादा 8 दिन में भी पूरा नहीं हुआ। वादाखिलाफी से नाराज होकर 22 नवंबर को स्वतंत्र किसान जन आंदोलन के नेतृत्वकर्ता जय पटेल और ग्रामीणों ने धरना स्थल पर सांसद की 'प्रतीकात्मक अर्थी' निकाली और पुतला दहन किया। विरोध की यह आग 23 नवंबर को ग्राम सुरगांव जोशी तक पहुंची, जहां किसान नेता तिलोक चंद लेवा के नेतृत्व में भी सांसद का पुतला फूंका गया।

### भोपाल में बैठक: आश्वासन मिला, पर राहत नहीं

किसानों के उग्र रूप को देख 25 नवंबर को आनन-फानन में सांसद, खंडवा विधायक और पंधाना विधायक किसान प्रतिनिधिमंडल को लेकर भोपाल पहुंचे।मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के साथ हुई बैठक में किसान नेता जय पटेल ने दो-टूक मांग रखी कि 'खंडवा जिले के किसानों को 300 करोड़ रुपये का विशेष राहत पैकेज दिया जाए।' यह पैकेज उन किसानों के लिए था जिनकी सोयाबीन पूरी तरह बर्बाद हो गई और जिन्हें प्याज की फसल नष्ट करनी पड़ी।मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया कि वे खंडवा कलेक्टर से चर्चा करेंगे।

### सिस्टम की बेरुखी: गुमराह हो रहा किसान

आज विडंबना यह है कि उस बैठक को काफी समय बीत चुका है, लेकिन 'कलेक्टर से चर्चा' का परिणाम शून्य है।संयुक्त कृषक संगठन के जिला मंत्री जय पटेल का आरोप है कि सरकार और जिला प्रशासन केवल किसानों को गुमराह कर रहे हैं।न तो सोयाबीन की राहत राशि मिली, न प्याज का मुआवजा और न ही मक्का फसल समर्थन मूल्य पर खरीदी हुई।किसानों की समस्याएं जस की तस हैं।
प्रशासन के लिए यह चेतावनी है कि अगर कागजी आश्वासनों का खेल बंद नहीं हुआ और 300 करोड़ के पैकेज पर जल्द फैसला नहीं लिया गया, तो किसान अब 'प्रतीकात्मक' विरोध से आगे बढ़कर निर्णायक लड़ाई के मूड में है।हकीकत यह है कि अन्नदाता अब थक चुका है, लेकिन हारा नहीं है।